# मैक्सवेल की 2016 के बाद आईपीएल में पहली फिफ्टी, हैदराबाद को 150 रन का टारगेट

चेन्नई(एजेंसी)।



**आईपीएल 2021 सीजन का छठा मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 149 रन बनाए।**

मैक्सवेल ने आईपीएल में 7वीं फिफ्टी लगाई। यह करीब 5 साल बाद उनकी पहली फिफ्टी रही। मैक्सवेल ने पिछली बार 2016 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। हैदराबाद की ओर से सीजन का पहला मैच खेल रहे जेसन होल्डर ने 3 विकेट लिए। उन्होंने विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और काइल जेमिसन का विकेट लिया। वहीं, राशिद खान को 2 विकेट मिला। उन्होंने एबी डिविलियर्स और वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु को पहला झटका दिया। उन्होंने पिछले सीजन में आरसीबी के टॉप स्कोरर रहे देवदत्त पडिक्कल को शहबाज नदीम के हाथों कैच कराया। वे 13 बॉल पर 11 रन बनाकर आउट हुए। पडिक्कल कोरोना से रिकवरी की वजह से मुंबई के खिलाफ इस सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाए थे। शाहबाद अहमद के रूप में आरसीबी टीम का दूसरा विकेट गिरा। वे 10 बॉल पर 14 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शहबाज नदीम ने राशिद खान के हाथों कैच कराया। विराट 33 रन ही बना सके। उन्हें जेसन होल्डर ने विजय शंकर के हाथों कैच कराया। विराट मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में भी 33 रन पर ही आउट हुए थे। विराट और मैक्सवेल के बीच तीसरे विकेट के लिए 38 बॉल पर 44 रन की पार्टनरशिप हुई। दोनों ने चेन्नई के स्पिनिंग ट्रैक पर स्पिनर को ही टारगेट किया। पारी के 11वें ओवर में शहबाज नदीम गेंदबाजी कर रहे थे। मैक्सवेल ने पहले 3 गेंद पर 2 छक्के और 1 चौका लगाया। इसके बाद विराट ने भी एक चौका लगाया। दोनों ने 2 सिंगल के साथ इस ओवर में कुल 22 रन बनाए।

**डिविलियर्स और जेमिसन कुछ खास नहीं कर सके:** एबी डिविलियर्स और वॉशिंगटन सुंदर को आउट किया। राशिद ने डिविलियर्स को आईपीएल में तीसरी बार आउट किया। वे 5 बॉल पर सिर्फ 1 रन ही बना सके। वहीं, राशिद ने अपने अगले ही ओवर में वॉशिंगटन सुंदर को भी पवेलियन भेजा। सुंदर 11 बॉल पर 8 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद डैनियल क्रिश्चियन (1 रन) के रूप में आरसीबी टीम का छठा विकेट गिरा। उन्हें टी नटराजन ने विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराया। काइल जेमिसन 9 बॉल पर 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेसन होल्डर ने मनीष पांडे के हाथों कैच कराया। हैदराबाद टीम में दो बदलाव किए गए। वॉर्नर ने मोहम्मद नबी और संदीप शर्मा को बेंच पर बिठाया। इनकी जगह जेसन होल्डर और शहबाज नदीम को मौका मिला। वहीं, आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पडिक्कल को टीम में शामिल किया है।

केकेआर के खिलाफ जीत के बाद...

# रोहित ने बॉलर्स की जमकर की तारीफ बल्लेबाजों को दी नसीहत

नई दिल्ली(एजेंसी)।



**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सीजन का आगाज भले ही मुंबई इंडियंस ने हार के साथ किया हो, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ टीम ने जिस तरह से जीत दर्ज की, उससे फैन्स काफी खुश होंगे।**


रोहित शर्मा की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने केकेआर के जबड़े से जीत छीनी और इसमें गेंदबाजों का बड़ा हाथ रहा। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई इंडियंस ने 153 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए केकेआर को 10 रनों से हराया। एक समय केकेआर को 31 गेंद पर 31 रनों की जरूरत थी और उनके खाते में सात विकेट बचे थे, लेकिन इसके बाद मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने पूरे मैच का नक्शा ही बदल दिया। मैच के बाद कप्तान रोहित ने गेंदबाजों की जमकर तारीफ की, लेकिन साथ ही बल्लेबाजों को एक खास नसीहत भी दी। रोहित ने मैच के बाद कहा, जबर्दस्त वापसी, हर किसी ने गजब का जज्बा दिखाया। आप ऐसे मैच कम ही देखते हैं। इस मैच से काफी कॉन्फिडेंस मिलेगा।

## धवन, वॉर्नर को पीछे छोड़ टॉप 3 पर पहुंचे रोहित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे ज्यादा रन अभी तक विराट कोहली के बल्ले से निकले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट ने 193 मैचों में 39.13 की औसत से कुल 5911 आईपीएल रन बनाए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में रोहित शर्मा ने मंगलवार को शिखर धवन और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ते हुए टॉप-3 बल्लेबाजों में अपनी जगह बना ली है। रोहित ने मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 43 रनों की अहम पारी खेली और इसके साथ ही वह सबसे ज्यादा रन के मामले में वॉर्नर और धवन दोनों से ही आगे निकल गए। वॉर्नर के खाते में 5257, जबकि शिखर धवन के खाते में 5282 आईपीएल रन दर्ज हैं। रोहित के खाते में अब 5292 आईपीएल रन हो गए हैं। उनसे आगे सुरेश रैना और विराट कोहली ही हैं। रैना के खाते में 5422 आईपीएल रन दर्ज हैं। रोहित ने केकेआर के खिलाफ 32 गेंद पर 43 रनों की पारी खेली और इस दौरान तीन चौके और एक छक्का लगाया।

# दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज एनरिच नोर्ट्जे हुए कोरोना पॉजिटिव

नई दिल्ली(एजेंसी)।



**आईपीएल 2021 का जीत के साथ आगाज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्ट्जे कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।**

नोर्ट्जे पिछले मंगलवार को मुंबई पहुंच गए थे और अब उन्होंने सात दिन का अनिवार्य क्वारंटाइन पीरियड भी पूरा कर लिया था।

उन्होंने इसी वजह से चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल का पहला मैच नहीं खेला था। टीम ने इस मैच में 7 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की थी। टीम ने दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाजों को इस साल टीम में बरकरार रखा गया है, क्योंकि पिछले सीजन में दिल्ली को फाइनल में पहुंचाने में इनका अहम योगदान रहा था। बीसीसीआई के कोरोना नियमों के अनुसार, अगर कोई खिलाड़ी या स्टाफ कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो उसमें जिस दिन कोरोना के लक्षण मिले हैं, उसके अगले 10 दिनों के लिए उसे बोर्ड द्वारा डिजायन किए गए बायो बबल एरिया में आइसोलेट किया जाता है।

तेज गेंदबाज नोर्ट्जे आईपीएल 2021 में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज छोड़कर आए थे। इस दौरान उन्होंने तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैच खेले। इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका के अन्य साथी खिलाड़ियों के संग भारत आ गए थे। टीम को तीसरे वनडे में पाकिस्तान टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा और वनडे सीरीज भी गंवा दी।

## राहुल चाहर ने बताया क्यों उन्हें किसी बल्लेबाज से नहीं लगता है बिल्कुल डर



चेन्नई (एजेंसी)। लेग स्पिनर राहुल चाहर ने कहा कि उनका मानना था कि सिर्फ स्पिनर ही मैच का रुख बदल सकते हैं, लेकिन यह कप्तान रोहित शर्मा का भरोसा था जिसके कारण वह मंगलवार को फिरकी का जादू चलाते हुए मुंबई इंडियन्स को केकेआर के खिलाफ 10 रन की जीत दिलाने में सफल रहे। राहुल ने मैच के बाद बताया कि क्यों उन्हें किसी भी बल्लेबाज को गेंदबाजी करने में डर नहीं लगता है। मुंबई के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने पहले विकेट के लिए 8.5 ओवर में 72 रन की साझेदारी की, जिसके बाद टीम को अंतिम 10 ओवर में सिर्फ 72 रन की जरूरत थी लेकिन 21 साल के चाहर ने 27 रन पर चार विकेट चटकाकर मैच का रुख बदल दिया। चाहर ने मैच के बाद कहा, उन्होंने मुझे कहा, आत्मविश्वास के साथ गेंदबाजी करो... तुम अच्छी गेंदबाजी कर रहे हो, कभी-कभी मैं भी नहीं समझ पाता (नेट पर तुम्हारे वैरिएशन)।

# पोंटिंग ने पंत को बताया चैम्पियन खिलाड़ी

मुंबई (एजेंसी)।



**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रैंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को विजेता करार देते हुए कहा कि कप्तान के रूप में उनके सोचने की प्रक्रिया विराट कोहली और केन विलियमसन के समान है।**

आईपीएल में कप्तान के रूप में पंत के डेब्यू मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स को हराया और पोंटिंग का मानना है कि उनमें शानदार उर्जा है। पोंटिंग ने कहा, आप चाहते हैं कि उसकी (पंत) तरह का खिलाड़ी जल्द से जल्द मैच में भूमिका निभाए और अधिक से अधिक समय तक बल्लेबाजी करे। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, वह जिस तरह सोचता है वह असल में विराट या केन की तरह है। अब वह अंत में क्रीज पर डटा है तो आप अधिकतर समय जीत दर्ज करोगे फिर चाहे कितने भी रन बनाने हों। दिल्ली कैपिटल्स के कोच ने टीम के कप्तान की सराहना करते हुए कहा, वह ऊर्जावान है और आप विकेट के पीछे से इसे सुन सकते हो, वह मुकाबले से जुड़े रहना पसंद करता है और वह विजेता है। पंत समझ सकते हैं कि लोग उनकी विकेटकीपिंग को लेकर सवाल उठाते हैं लेकिन पोंटिंग का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान उन्होंने काफी सुधार दिखाया। पोंटिंग की टीम के पूर्व साथी एडम गिलक्रिस्ट के साथ पंत की तुलना पर उन्होंने कहा, वह शानदार था। इस तरह की बल्लेबाजी करने वाले की हमेशा तुलना होगी। पोंटिंग ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि गिली (गिलक्रिस्ट) की विकेटकीपिंग पंत से बेहतर थी। उन्होंने आगे कहा कि, मैंने भारत में टर्निंग पिचों पर उसे जिस तरह विकेटकीपिंग करते हुए देखा (इंग्लैंड के खिलाफ), मुझे लगता है कि मैं जितना सोचा था उसने उससे बेहतर विकेटकीपिंग की।

# ब्रायन लारा ने की ऋषभ की जमकर तारीफ, कहा- उन्होंने 4 महीनों में काफी सुधार किया है

मुंबई(एजेंसी)।



**वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पिछले कुछ महीनों में काफी सुधार किया है और वह मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करते हुए अच्छा काम करेंगे।**

तेईस साल के पंत को दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है क्योंकि नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पंत शानदार फॉर्म में हैं और वह ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भारत के लिए मैच विजेता रहे। लारा के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है, उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के सलेक्ट डगआउट शो पर कहा, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ छह महीनों में इंटरनेशनल क्रिकेट में पंत में काफी सुधार हुआ और अब वह चोट (अय्यर के चोटिल होने) के कारण कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहा है। उन्होंने कहा, इसके साथ ही उसे (एनरिच) नोर्ट्जे, (कगीसो) रबाडा और अक्षर पटेल की सेवाएं भी नहीं मिल रही है। इसलिए वे उससे काफी ज्यादा की उम्मीद कर रहे हैं।

लारा ने कहा, मुझे लगता है कि उसके पास ऐसी टीम है जो उसकी मदद करेगी जो सबसे ज्यादा अहम है। पिछले चार महीनों में उसमें काफी सुधार हुआ है और मुझे लगता है कि वह अच्छा काम करेगा। दिल्ली कैपिटल्स को शुरुआती मैच में रबाडा और नोर्ट्जे की सेवाएं नहीं मिली थी क्योंकि वे जरूरी क्वारंटाइन में थे जबकि अक्षर पटेल कोविड-19 से उबर रहे हैं। महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद पंत की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग का अभियान जीत से शुरू किया और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को करारी शिकस्त दी।

## नेशनल महिला मुक्केबाजी शिविर में दो कोच निकलीं कोविड-19 पॉजिटिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला मुक्केबाजों के राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा दो सहायक कोच कोविड-19 पॉजिटिव पाई गई हैं और उन्हें हल्के लक्षणों के बीच क्वारंटाइन में रखा गया है। टीम के करीबी एक सूत्र ने पीटीआई को पॉजिटिव नतीजों की पुष्टि की। टीम इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में ट्रेनिंग कर रही है। सूत्र ने कहा, अब तक दो महिला कोच पॉजिटिव पाई गई हैं। उन्हें क्वारंटाइन में रखा गया है लेकिन शिविर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। इससे पहले पटियाला में पुरुष मुक्केबाजी दल के 10 सदस्य भी कुछ दिन पहले पॉजिटिव पाए गए थे जिसमें राष्ट्रीय मुख्य कोच सीए कटप्पा भी शामिल हैं। यह भी पता चला है कि बुखार का सामना कर रही दोनों कोचों के पॉजिटिव आने के बाद सोमवार को शिवर के अन्य सदस्यों का टेस्ट किया गया। सूत्र ने कहा, कुछ मुक्केबाजों की तबीयत भी खराब है लेकिन उनके से कोई ओलंपिक के लिए जाने वाले समूह का हिस्सा नहीं है। सोमवार को शिविर में हुए टेस्ट के नतीजों का अब भी इंतजार है। भारत के अब तक नौ मुक्केबाजों ने टोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया है जिसमें पांच पुरुष और चार महिला मुक्केबाज शामिल हैं।

# खेल मंत्री रीजिजू को उम्मीद, टोक्यो ओलंपिक में दोहरे अंक में रहेगी पदकों की संख्या

नई दिल्ली(एजेंसी)।



**खेल मंत्री किरेन रीजिजू आगामी टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों से दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।**

रीजिजू ने बुधवार को कहा कि सरकार ने ओलंपिक की तैयारियों के लिए देश के खिलाड़ियों को सभी संभव सहयोग मुहैया कराया है और भारत के लिए इन खेलों को यादगार बनाना अब उनका काम है। मंत्री ने कहा, हम इस ओलंपिक को बहुत, बहुत यादगार बनाना चाहते हैं और ये एथलीट हैं जो सुनिश्चित करेंगे कि टोक्यो ओलंपिक भारत के लिए सबसे यादगार ओलंपिक बन जाए। उन्होंने कहा, मंत्रालय की ओर से हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों और जो खिलाड़ी क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में भाग ले रहें, उन्हें सबकुछ जरूरी चीजें मुहैया कराने की कोशिश की है। हमारी प्राथमिकता अपने खिलाड़ियों की सभी जरूरतों को पूरा करने की है। रीजिजू ने यह बातें टोक्यो ओलंपिक के लिए 100 दिनों की उलटी गिनती के मौके पर आयोजित एक वर्चुअल वेबिनार के दौरान कहीं जिन्हें 23 जुलाई से शुरू होना है।

उन्होंने कहा, हमने सुनिश्चित किया है कि टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को किसी भी तरह की कमी नहीं हो। लेकिन हमें टोक्यो ओलंपिक में रिकॉर्ड बनाना होगा। भारत को दोहरे अंक से ज्यादा पदक जीतने चाहिए। खेल मंत्री ने ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को दिए अपने संदेश में कहा, हम आपके लिए सबकुछ कर रहे हैं, आपको दोहरे अंक में पदक जीतकर घर लाने होंगे। आपको जो चाहिए, हम आपको देंगे लेकिन आपकी ओर से प्रयास में कोई भी कमी नहीं होनी चाहिए।

हीथ स्ट्रीक पर 8 साल का बैन

# आईपीएल और इंटरनेशनल मैचों में खिलाड़ियों को फिक्सर से मिलवाते थे जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान

दुबई(एजेंसी)।



**जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज हीथ स्ट्रीक पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने आठ साल का बैन लगा दिया है। उन पर आईसीसी के एंटी करप्शन कोड का पांच बार उल्लंघन करने के आरोप थे। स्ट्रीक ने ये आरोप स्वीकार कर लिए हैं।**

2005 में रिटायरमेंट के बाद बतौर कोच बनने वाले स्ट्रीक पर 2017 से 2018 के बीच हुए मुकाबलों में उनकी संदिग्ध भूमिका को लेकर जांच चल रही थी। ये मुकाबले इंटरनेशनल क्रिकेट के भी थे और कुछ टी 20 लीग जैसे आईपीएल, बीपीएल और अफगानिस्तान प्रीमियर लीग से भी जुड़े थे। उन पर यह आरोप भी हैं कि वे जिन टीमों के कोच रहे उसके खिलाड़ियों को मैच फिक्सर्स से मिलवाते थे।

**भ्रष्टाचारियों की टीम के खिलाड़ियों से कराई थी मुलाकात:** स्ट्रीक के ऊपर आरोप था कि उन्होंने भ्रष्टाचारियों को अपनी टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात करवाई थी। स्ट्रीक ने शुरुआत में अपने ऊपर लगे आरोपों को मानने से इनकार किया, लेकिन फिर उन्हें अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी। आईसीसी के जनरल मैनेजर एलेक्स मार्शल ने कहा, हीथ स्ट्रीक को कई सारे करप्शन मामलों में संलग्न पाया गया है। वो भी तब जब उन्हें मालूम था कि वो जिस भूमिका में हैं, वैसा करना उनके पद के नियमों और गरिमा के खिलाफ है। हीथ स्ट्रीक भ्रष्टाचारियों को टीम के सदस्यों से मिलवाते ही थे साथ ही वे खुद भी मैच से जुड़ी सूचनाएं लीक करते थे। उन्होंने 2018 में आईपीएल, ट्राई सीरीज (श्रीलंका, जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान की भागीदारी वाली) और अफगानिस्तान प्रीमियर लीग से जुड़ी सूचनाएं लीक की थी। स्ट्रीक पर आरोप है कि उन्होंने चार खिलाड़ियों को मैच फिक्सर्स से मिलवाया था। इन खिलाड़ियों में एक इंटरनेशनल टीम का कप्तान भी है। इसके एवज में उन्हें महंगे गिफ्ट मिले थे। इन गिफ्ट में दो बिटक्वाइन भी शामिल हैं। इन बिटक्वाइट को उन्होंने 35 हजार डॉलर में कन्वर्ट भी करवाया था।

## पोर्टो के खिलाफ हार के बावजूद जानिए चेल्सी कैसे पहुंचा सेमीफाइनल में



**सेविले (एजेंसी)।** चेल्सी ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे राउंड में पोर्टो के खिलाफ 0-1 से हार के बावजूद कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मेहदी तारेमी ने चैंपियन्स लीग के मौजूदा सीजन का सबसे खूबसूरत गोल दागकर पुर्तगाल के चैंपियन पोर्टो को जीत दिलाई, लेकिन यह टीम को अंतिम चार में जगह दिलाने के लिए काफी नहीं था। चेल्सी की टीम ने घरेलू मैदान पर 2-0 से जीत दर्ज की थी और कुल स्कोर के आधार पर 2-1 से जीत दर्ज करते हुए 2014 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रही।

# टोक्यो ओलंपिक की 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू, कई सवाल अभी भी बरकरार

टोक्यो(एजेंसी)।



**टोक्यो को साढ़े सात साल पहले जब ओलंपिक खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी, तब उसने खुद को सुरक्षित वेन्यू के रूप में पेश किया था, जबकि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के तत्कालीन उपाध्यक्ष क्रेग रीडी ने ब्यूनस आयर्स में 2013 में वोटिंग के बाद कहा था कि निश्चितता अहम मुद्दा होगी।**

पिछले साल स्थगित किए गए टोक्यो ओलंपिक खेलों के आयोजन के लिए बुधवार को हालांकि जब 100 दिन की उल्टी गिनती शुरू हुई तो कुछ भी निश्चित नहीं है। कोविड-19 के बढ़ते मामलों, असंख्य घोटालों और जापान में खेलों के आयोजन को लेकर जनता के विरोध के बावजूद आयोजक और आईओसी खेलों के आयोजन पर जोर दे रहे हैं। टोक्यो में 1964 में हुए ओलंपिक खेलों के जरिए जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में हार से तेजी से उबरने का जश्न मनाया था, लेकिन इस बार खेलों के आयोजन को लेकर कई अलग नियम और पाबंदियां होंगी। बेशक खिलाड़ियों का लक्ष्य मेडल जीतना होगा लेकिन कुछ और लोग सिर्फ इतना चाहेंगे कि बिना किसी समस्या के खेलों का आयोजन हो, इन खेलों के जरिए कोविड-19 संक्रमण ना फैले और राष्ट्रीय गौरव बना रहे। क्योटो की दोशिशा यूनिवर्सिटी में राजनीतिक विज्ञान पढ़ाने वाले डॉ. गिल स्टील ने ईमेल में लिखा, यह सरकार काफी सचेत है कि पूरी दुनिया जापान को कैसे देखती है।